अकोककर कोयले (ग्रेड "ए" से "सी" तथा असम कोयला) तथा धुले हुए कोककर कोयले के उत्पादन के आंकड़े नीचे दिए गए हैं :—

(मिलियन टन में)

वर्ष	"ए" से "सी" तथा असम कोयला के अकोककर कोयले का उत्पादन	धुले हुए कोककर कोयला (जिसमें प्रत्यक्ष फीड भी शामिल है) का उत्पादन
1990–91	67.24	12.10
1991–92	72.14	13.06
1992–93 (अनंतिम)	75.37	13.40

(ग) अच्छी गुणवत्ता वाले कोयले की उपलब्धता में वृद्धि किए जाने के लिए कुछ निम्न कदम उठाए जा रहे हैं :—

(1) चालू परियोजनाओं का तेजी से विकास किया जाना तथा "ए" से "सी" ग्रेड के कोयले के उत्पादन के लिए नई खानों को खोला जाना ।

(2) विद्युत तथा अन्य उद्योगों के लिए एक समान गुणवत्ता वाले कोयले की आपूर्ति किए जाने के लिए कोयला रखरखाव व्यवस्था की स्थापना किया जाना ।

(3) विद्यमान कोककर कोयला वाशरियों में संशोधन तथा आधुनिकीकरण करना ।

(4) इस्पात संयंत्रों के उपयोग के लिए विभिन्न ग्रेड के मध्यम कोक कर कोयले की धुलाई के लिए नई वाशरियों की स्थापना किया जाना ।

(5) कुछ दूरस्थ विद्युत गृहों, जो कि कोलफील्ड्स से 1000 कि० मी० से भी अधिक की दूरी पर स्थित हैं, के लिए परिष्कृत कोयले की आपूर्ति किए जाने के लिए कोयला परिष्करण परियोजनाओं की स्थापना किया जाना ।

उत्तर प्रदेश में कोयले के थोक विक्रेता

26. चौधरी हरमोहन सिंह : क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में इस समय कोयले के कितने थोक विक्रेता हैं और उनके नाम क्या हैं तथा वे किन-किन क्षेत्रों में अपना व्यवसाय कर रहे हैं;

(ख) उपर्युक्त भाग (क) में उल्लिखित विक्रेताओं में से अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के कितने विक्रेता हैं तथा उनके नाम क्या-क्या हैं और

(ग) क्या इन विक्रेताओं की संख्या संतोषजनक है, यदि नहीं, तो क्या निकट भविष्य में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के कुछ और थोक विक्रेताओं/अभिकर्ताओं को नियुक्त किए जाने का कोई प्रस्ताव है ?

कोयला मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजित कुमार पांजा) : (क) से (ग) देश के विभिन्न भागों में छोटे उपभोक्ताओं को कोयले की उपलब्धता में सुधार किए जाने की दृष्टि से कोल इंडिया लि० ने कोयले में थोक बिक्री व्यापार को विकसित किए जाने की एक नई योजना चलाई है। इस योजना के अंतर्गत कोल इंडिया लि० की सहायक कंपनियों खुले विज्ञापन के आवेदनों के जरिए थोक बिक्री डीलरों की नियुक्त करेंगी। प्रत्येक डीलर प्रति माह न्यूनतम 3,000 टन तक कोयला उठा सकता है। डीलरों को कोयले की बिक्री करने के मामले में स्वतंत्रता होगी तथा इस प्रकार के कोयले का मूल्य भी वे ही निर्धारित करेंगे ।

उत्तर प्रदेश से प्राप्त सूचना के अनुसार कोल इंडिया लि० द्वारा अभी तक उत्तर प्रदेश में कोई थोक बिक्री डीलर की नियुक्ति नहीं की है।

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के आवेदक उपरोक्त योजना के अंतर्गत थोक बिक्री डीलरों के रूप में नियुक्ति प्राप्त किए जाने के हकदार हैं, बशर्ते कि वे योजना में दी गई वाणिज्यिक शर्तों को पूरा करते हों।

देश में कोयला खानें

27. श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल : क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में इस समय कितनी कोयला खानें हैं ;

(ख) इन खानों में इस समय कितने लोग कार्यरत हैं; और

(ग) गत पांच वर्षों के दौरान इन खानों से प्रति वर्ष कितनी मात्रा में कोयला निकाला गया ?

कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजित कुमार पांजा) : (क) और (ख) कोल इंडिया लि० तथा सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लि० की कोयला खानों की कुल संख्या तथा इन खानों में कार्यरत कार्मिकों की संख्या नीचे दी गई है :–

कंपनी का नाम	खानों की सं०	1–4–93 की स्थिति के अनुसार कार्यरत कामगारों की संख्या
1. कोल इंडिया लि०	451	5,56,342
2. सिंगरेनी कोलियरीज कं० लि० . .	65	1,15,025

(ग) पिछले 5 वर्षों के दौरान कोल इंडिया लि० तथा सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लि० की कोयला खानों में उत्पादित कोयले की वर्ष-वार मात्रा नीचे दी गई है :–

(आंकड़े मि० टन में)

वर्ष	कोल इंडिया लि०	सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लि०
1988–89	171.50	18.61
1989–90	178.60	17.80
1990–91	189.68	17.71
1991–92	204.14	20.58
1992–93*	211.22	22.60

*आंकड़े अनन्तिम

गुजरात में उद्योगों के लिये स्टीम कोयले की पूर्ति

28. श्री राम सिंह राठवा :
श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी:

क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार ने गुजरात में उद्योगों को पूर्ति के लिए चालू वर्ष अर्थात् 1993–94 के वर्ष के दौरान जिला-वार स्टीम कोयले की कितनी मात्रा का आवंटन किया है;

(ख) क्या यह सच है कि गुजरात राज्य में उद्योग के लिए जिला-वार मंजूर किए गए स्टीम कोयला उनके लिए स्वीकृत मात्रा के अनुरूप आवंटन नहीं किया जाता है और इस संबंध